(vi) : Need to ensure effective implementation of Sam Vikas Yojna, Rural Development Projects and Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna in Maharashtra

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र राज्य के भंडारा, चंद्रपुर, गडचिरोली जिले में समविकास योजना के अंतर्गत पिछले दो सालों में 50 प्रतिशत से भी कम राशि खर्च की गयी। उसी प्रकार से जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा के अंतर्गत दो सालों में नगण्य राशि खर्च हुयी। प्रधान मंत्री सड़क योजना के कार्य भी भंडारा जिले में पिछले दो वर्ष में नहीं के बराबर है। ठेकेदार टेंडर लेने के लिए तैयार नहीं है। यह कारण अपर्याप्त् एवं अयोग्य लगता है। सारी निधि पड़ा हुआ है। जो काम हुए, वह अधूरे हैं। कामों में किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। अधूरे कामों के कारण धन का अपव्यय हुआ है। सम-विकास योजना, जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा और प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की जांच करना भी अनिवार्य है। जो कार्य अधूरे हैं वह पूर्ण करके इस वर्ष में पिछली राशि खर्च करने का नियोजन शीघ्र हो एवं खर्च करने के संबंध में स्पष्ट सूचनाएं अधिकारी को मिले।